लापरवाही

रिसाव के दौरान छोटी सी चिंगारी बड़े अग्निकांड को दे सकती है अंजाम

# इंडेन गैस एजेंसी की गाड़ी से रिस रहा डीजल






**कोतमा नवभारत 11 अप्रैल।** क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर गैस वितरण का कार्य किया जा रहा है। ताजा मामला इंडेन गैस एजेंसी की वितरण गाड़ी क्रमांक एमपी 18 एच 0327 से जुड़ा है। इस गाड़ी के डीजल टैंक से लगातार हो रहा रिसाव किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

एक तरफ गाड़ी में ज्वलनशील रसोई गैस के सिलेंडर लदे होते हैं, वहीं दूसरी ओर गाड़ी के टैंक से डीजल का टपकना सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि रिसाव के दौरान छोटी सी चिंगारी भी उठती है, तो आग पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले सकती है।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से मांग की है कि ऐसी लापरवाह एजेंसियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। गैस वितरण में लगे वाहनों का 'फिटनेस सर्टिफिकेट' और सुरक्षा मानकों की जांच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए ताकि किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

### ऐसी गाड़ी चलता फिरता बम साबित हो सकती है

हैरानी की बात यह है कि रिसाव की जानकारी होने के बावजूद इसे ठीक कराने के बजाय गाड़ी को असुरक्षित स्थिति में छोड़ दिया गया। रिहाइशी इलाकों या स्कूल के आसपास ऐसी खड़ी गाड़ियां राहगीरों और बच्चों के लिए 'चलता-फिरता बम' साबित हो सकती हैं।

### एजेंसीधारक का गैर-जिम्मेदाराना तर्क

जब इस संबंध में गैस एजेंसी धारक लाल बहादुर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि गाड़ी की डीजल टंकी पिछले तीन-चार दिनों से लीक कर रही है। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि वितरण कार्य बंद होने के कारण गाड़ी एक जगह खड़ी थी।




# अवैध मुरुम परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत 11 अप्रैल।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुरुम से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में अवैध खनिज माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी नवीन तिवारी के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 10 अप्रैल को वेंकटनगर चौकी पुलिस को गश्त के दौरान ग्राम कदमसरा में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुण्डा निवासी राजेश राठौर द्वारा आमाडांड पहाड़ी क्षेत्र से अवैध रूप से मुरूम उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से बिक्री के लिए लाया जा रहा है।

### 3 घन मीटर मुरुम लोड थी

सूचना पर पुलिस टीम ने रानी तालाब, कदमसरा के पास घेराबंदी कर एक नीले रंग के ट्रैक्टर को रोका। जांच के दौरान ट्रॉली में लगभग 3 घन मीटर मुरूम लोड पाया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बबलू सिंह भैना 21 वर्ष निवासी मुण्डा गढ़ियाटोला थाना जैतहरी बताया तथा ट्रैक्टर राजेश राठौर का होना स्वीकार किया। चालक ने बताया कि राजेश राठौर के कहने पर ही अवैध रूप से मुरुम लोड कर लाया जा रहा था। मौके पर किसी प्रकार के वैध दस्तावेज (टीपी आदि) प्रस्तुत नहीं किए गए।

# ऑल इंडिया वॉलीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट आज से

फाइनल मुकाबला 15 को खेला जाएगा



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के पौराधार में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित ऑल इंडिया वॉलीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह प्रतियोगिता 12 से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चलेगी। उद्घाटन मुकाबला 12 अप्रैल को जबकि फाइनल मैच 15 अप्रैल को खेला जाएगा।

यह आयोजन फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार के तत्वावधान में नगर परिषद डूमरकछार एवं संधान ट्रस्ट के सहयोग से मुख्य दुर्गा पूजा पंडाल (वॉलीबॉल ग्राउंड) पौराधार में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए दो वॉलीबॉल कोर्ट तैयार किए गए हैं। इस टूर्नामेंट में देशभर की राष्ट्रीय स्तर की पुरुष एवं महिला टीमें हिस्सा लेंगी।

### ये टीमें होंगी शामिल

पुरुष वर्ग में डब्ल्यूसीआर रेलवे जबलपुर, नडियाद एकेडमी गुजरात, जयपुर (राजस्थान), देहरादून एकेडमी (उत्तराखंड) और गुरुग्राम (हरियाणा) की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। महिला वर्ग में रायपुर (छत्तीसगढ़), रविंद्र भारती एकेडमी कोलकाता, उत्तराखंड गर्ल्स एकेडमी, जयपुर (राजस्थान) और आरएनसी क्लब नागपुर की टीमें प्रमुख रूप से भाग लेंगी।

## मेंटेनेंस के चलते 5 घंटे बिजली रहेगी बंद

**अनूपपुर नवभारत 11 अप्रैल।** विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 12 अप्रैल को कोतमा रोड स्थित विद्युत सब स्टेशन में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। जानकारी के अनुसार, 11 केवी टाउन 1, टाउन 2, परसवार एवं माडल फीडर में जरूरी सुधार एवं रखरखाव कार्य किया जाना है। इसके कारण सुबह 7 :00 बजे से दोपहर 12 :00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। इस अवधि में अनूपपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति ठप रहेगी, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# होम्योपैथी दीर्घकालिक बीमारियों में प्रभावी : डॉ . कारवाना

विश्व होम्योपैथी दिवस पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**अनूपपुर नवभारत 11 अप्रैल ।** शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर शासकीय होम्योपैथी औषधालय अनूपपुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह दिवस होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. हैनीमैन के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया, जिससे उपस्थित जनों ने उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।कार्यक्रम में होम्योपैथी के महत्व और इसकी उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि डॉ. हैनीमैन द्वारा प्रतिपादित 'समरूपता के सिद्धांत' पर आधारित यह चिकित्सा पद्धति सुरक्षित, सरल एवं प्रभावी उपचार का माध्यम है, जो आज भी विश्वभर में व्यापक रूप से अपनाई जा रही है।

### इनकी रही उपस्थिति

शिविर के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, समाजसेवी विनोद सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव तौहीद बाबा खान, औषधालय के डॉ. सुखदेव कारवना, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी एवं कंपाउंडर श्रीमती मिथिलेश उइके, दवा साज अशोक कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है

इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुखदेव कारवाना ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर जड़ से उपचार करने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि यह पद्धति विशेष रूप से दीर्घकालिक बीमारियों में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है और मरीजों को बिना किसी दुष्प्रभाव के राहत प्रदान करती है।

## एक नजर में

### अमरजीत सिंह बने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव के तहत युवा नेता अमरजीत सिंह को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार की गई है। शुक्रवार को जारी इस निर्णय के बाद नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 नवीन नगर निवासी अमरजीत सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों और ईस्ट मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नव-नियुक्त पदाधिकारी अपनी मेहनत और सक्रियता के बल पर आने वाले वर्षों 2027, 2028 और 2029 में जिला कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। अमरजीत सिंह को जिले में एक कर्मठ, जुझारू और युवाओं की आवाज के रूप में जाना जाता है।

### मॉडिफाइड साइलेंसर पर तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अनूपपुर पुलिस ने तीसरे दिन भी सख्त कार्रवाई करते हुए नियम उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान पुलिस ने 4 बुलेट वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इन वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था। कार्रवाई के साथ ही चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के नियम उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा और शांति बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अनूपपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध संशोधन न करें और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करें।

# अक्षय कुमार को दी चार प्रमुख क्षेत्रों की जिम्मेदारी

एचएमएस का संगठन विस्तार, अन्य क्षेत्रों में भी प्रभारी नियुक्त



**जमुना कोतमा नवभारत 11 अप्रैल।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में एसईसीएल के महामंत्री नाथूलाल पांडेय द्वारा विधिवत कार्यालय आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जमुना कोतमा क्षेत्र में पदस्थ श्री अक्षय कुमार तिवारी को चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों—जमुना कोतमा, हसदेव, सोहागपुर एवं जोहिला—का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें इन क्षेत्रों में संगठन को सुदृढ़ करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा कोयला मजदूर सभा की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक कदम

संघ द्वारा की गई इस नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं बेहतर समन्वय संभव हो सकेगा।

### अरुण कुमार बने रायगढ़ क्षेत्र प्रभारी

इसी क्रम में केदार नाथ अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा एवं सीडब्ल्यूएस कोरबा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, योगेन्द्र मिश्रा को चिरमिरी, भटगांव, बैकुण्ठपुर एवं विश्रामपुर क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही अरुण कुमार झा को रायगढ़ क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है

### संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरुंगा : तिवारी

प्रभारी नियुक्त किए जाने पर श्री अक्षय कुमार तिवारी ने एसईसीएल के महामंत्री श्री नाथूलाल पांडेय, अध्यक्ष बजरंगी साही तथा उपाध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से श्रीकांत शुक्ला के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और श्रमिक हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे

## आमाडांड खदान में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**अनूपपुर, नवभारत।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा आमाडांड खदान के समीप नि:शुल्क सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन 9 अप्रैल को संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और राहगीरों ने सहभागिता की। समिति की यह पहल श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित है। समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ आगे आई। कार्यक्रम का शुभारंभ अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा किशोरी त्रिपाठी ने फीता काटकर किया।






# सत्येंद्र स्वरूप दुबे बने कांग्रेस जिला महामंत्री

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सत्येंद्र स्वरूप दुबे पप्पू भाई को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा की गई।बताया गया कि पार्टी के प्रति समर्पण, सक्रियता और जनसेवा के कार्यों को देखते हुए श्री दुबे को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। नियुक्ति की खबर से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों ने की टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग




**अनूपपुर, नवभारत 11 अप्रैल।** जिले के पुष्पराजगढ़ में अध्यापक-शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले ब्लॉक इकाई पुष्पराजगढ़ द्वारा दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन में प्रमुख रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना करने की मांग उठाई गई। शिक्षकों ने बताया कि लंबे समय से यह मुद्दा लंबित है, जिससे हजारों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें सेवा संबंधी लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है।

राज्य शासन से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

संघ ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के संदर्भ में नॉन-टीईटी शिक्षकों के मामले पर राज्य शासन से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग भी की है। इसके अलावा मार्च 2026 में जारी टीईटी संबंधी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए कहा गया कि इन आदेशों से शिक्षकों में असंतोष बढ़ा है।

### सभी वैधानिक लाभ देने की मांग

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश नकदीकरण सहित सभी वैधानिक लाभ दिए जाएं।

### न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाने की अपील

शिक्षक संगठन ने शासन से संवेदनशीलता और न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### विधायक ने भी किया शिक्षकों की मांगों का समर्थन

इस दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक ने भी शिक्षकों की मांगों को समर्थन देते हुए कहा कि वे शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विधानसभा के माध्यम से शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके हित में न्यायोचित कार्रवाई कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur (M.P.) Email-cmokotma@mpurban.gov.in Ph. (07658) 233260

क्रमांक- 957/न.पा./राजस्व / नि.सू. / 2025-26 कोतमा, दिनांक :- 31/03/2026

// ई-नीलामी सूचना //

वार्ड क्र . 03 "पालिका बाजार" शॉपिंग कॉम्पलेक्स की निम्नानुसार दुकानों के ई-नीलामी हेतु उच्चतम दरें आमंत्रित है । ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देख जा सकता है ।

| क्र . | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | दुकान क्रमांक / श्रेणी | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2025 UAD_461615_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 04 श्रेणी - अनुसूचित जनजाति | 447900 .00 | 2000 .00 11200 .00 | 22 .04 .2026 |
| 02 . | 2025_UAD_461616_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 05 श्रेणी - अनुसूचित जनजाति | 447900 .00 | 2000 .00 11200 .00 | 22 .04 .2026 |
| 03 . | 2025_UAD_461617_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 06 श्रेणी - अनारक्षित | 801000 .00 | 2000 .00 20100 .00 | 22 .04 .2026 |
| 04 . | 2025_UAD_461624_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 08 श्रेणी - अनुसूचित जाति | 474200 .00 | 2000 .00 11900 .00 | 22 .04 .2026 |
| 05 . | 2025_UAD_461625_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 09 श्रेणी - अन्य पिछड़ा वर्ग | 474200 .00 | 2000 .00 11900 .00 | 22 .04 .2026 |
| 06 . | 2025_UAD_461626_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 10 श्रेणी - अनारक्षित विधवा महिला | 474200 .00 | 2000 .00 11900 .00 | 22 .04 .2026 |
| 07 . | 2025_UAD_461628_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 11 श्रेणी - अनारक्षित | 474200 .00 | 2000 .00 11900 .00 | 22 .04 .2026 |
| 08 . | 2025_UAD_461629_2 30.03.2026 | दुकान क्र . 12 श्रेणी - अनुसूचित जनजाति | 474200 .00 | 2000 .00 11900 .00 | 22 .04 .2026 |

नोट :- ई-नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**